वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

NAAC A+Grade

Wbe: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांकः 8663 /शैक्षणिक/2025 दिनांकः 22/02/2025

अनुस्मारक–2

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर
2. समस्त संयोजक, अध्ययन परिषद, वीर बहादुर सिंह पू0वि0वि0, जौनपुर।

विषयः भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM (Study Webs of Activ Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0शासन के पत्र संख्या 2989/सत्तर–3–2024, दिनांक 16 नवम्बर, 2024 सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें भारत सरकार द्वारा SWAYAM (Study Webs of Activ Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को लागू किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 23.01.2025 को पाठ्यक्रम से संबंधित कार्यशाला आयाजित की गई। उक्त कार्यशाला में Swayam पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में समस्त जिज्ञासाओं का समाधान डॉ0 अंगना सेन गुप्ता, आई0आई0टी0, कानपुर (राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी SWAYAM) द्वारा किया गया। SWAYAM (Study Webs of Activ Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को लागू किये जाने के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 8592/शैक्षणिक/2025, दिनांक 24.01.2025 एवं 8607/शैक्षणिक/2025, दिनांक 30.01.2025 द्वारा निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 31.01.2025 तक सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु अभी तक मात्र जुलोजी, एजुकेशन, कामर्स, अग्रेंजी एवं अर्थशास्त्र की सूचना प्राप्त है। उक्त सूचना उपलब्ध न होने के कारण विशेष सचिव द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया है।

अतः अनुरोध है कि दिनांक 24.02.2025 तक प्रत्येक दशा में निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे शासन को अवगत कराया जा सके।

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	आफर्ड सेमेस्टर	कोर्स/पेपर का नाम	कोर्स क्रेडिट	कोर्स लिंक

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पू0वि0वि0, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत विषय के सम्बन्ध में यथाशीघ्र सूचना प्रेषित कराने का कष्ट करें।
2. परीक्षा नियंत्रक, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय परिसर।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. वेवमास्टर को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय वेवसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव